# Venders CD5 Track 4

## 19200 Venders चौथा हिस्सा खाना बेचने वाले

| | |
|---|---|
| इतने में अगला स्टेशन आता है। | At this time the next station comes.<br>इतने में (*adv*) in the meantime; at the same time (*lit. in this much)* |
| **राज:** रेलगाड़ी रुक गई। | **Raj:** The train stopped!<br>रुकना (*i*) to be stopped, to stop |
| **चायवाला:** (अन्दर आता है) चाय गरम। गरम चाय। गरम, गरम। | **Tea Vender:** (comes inside) Hot tea! Hot tea! Nice and hot.<br>अन्दर (*m*) inside<br>गरम (*adj*) warm, hot |
| **अंजलि:** चायवाले, चार चाय दे दो इधर। | **Anjali:** Tea Man! Give four teas over here.<br>इधर (*adv*) over here; this direction |
| **चायवाला:** (चाय पकड़ाते हुए) दो रुपए हुए। | **Tea Vender:** (handing her the tea) Two rupees.<br>हुए *perfect of* होना *intr* to become; to happen |
| **अंजलि:** ये लो। | **Anjali:** Here it is. (*lit.* Take these)<br>लो take (*irreg. request form of* लेना) |
| **मार्को:** ये कप तो दूसरी तरह के हैं। | **Marko:** These cups are a different kind.<br>कप (*m*) cup<br>तरह (*f*) type, kind |
| **अंजलि:** ये एक तरह की मट्टी के बने हैं। | **Anjali:** These are made from a kind of clay.<br>मट्टी (*f*) soil, clay<br>बनना (*intr*) to be made |

| | |
|---|---|
| चाय पीने के बाद इसको फेंक देते हैं। | After drinking the tea you throw this away.<br>पीना (*tr*) to drink<br>के बाद (*pp*) after<br>फ़ैंकना (*tr*) to throw away |
| **राज:** वह मूंगफली वाला भी आ गया। * | **Raj:** That peanut vender has come too.*<br>मूंगफली (*f*) peanut<br>आ गया (*intr*) has come |
| **डैडी:** मूंगफली खाओगे? | **Daddy:** Will you eat peanuts?<br>खाओगे (*tr*) you will eat |
| **राज:** हाँ, खाऊँगा। | **Raj:** Yes, I'll have some. |
| **डैडी:** मूँगफली वाले, मूँफली कैसे दी? | **Daddy:** Peanut Man! How much are the peanuts?<br>कैसे दी (*idiom*) how much (*lit. how given)* |
| **मूँगफलीवाला:** दो रुपए की ढाई सौ ग्राम। | **Peanut Vender:** Two rupees for two hundred fifty grams.<br>ढाई (*adj*) two and a half<br>सौ (*m*) hundred<br>ढाई सौ two hundred fifty |
| **डैडी:** अच्छा, ढाई सौ ग्राम दे दो। | **Daddy:** Ok, give me two hundred fifty grams. |
| डैडी पैसे देते हैं। | Daddy gives the money. |
| **राज:** उषा, मूँगफली खाओगी? | **Raj:** Usha, will you eat some peanuts? |
| **उषा:** नहीं। मैं अँगूर खा रही हूँ अभी। | **Usha:** No. I'm eating grapes right now.<br>अंगूर (*m*) grapes |

| | |
|---|---|
| **राज:** अच्छा, बाद में।** | **Raj:** Ok, later.**<br>बाद में (*pp*) later |
| **स्टीव:** (आदमी से) मेरा नाम स्टीव है। | **Steve:** (to the man) My name is Steve. |
| **आदमी:** आपसे मिल कर खुशी हुई। | **Man:** Glad to meet you.<br>(*lit)* Upon meeting you happiness happened. |
| मेरा नाम अरुण है। | My name is Arun. |
| यह मेरी पत्नी है। | This is my wife.<br>पत्नी (*f*) wife |
| इनका नाम रानी है। | Her name is Rani. |

**New Vocabulary          Venders          CD5 Track4**

| **सँज्ञा** | | **Nouns** |
|---|---|---|
| अंगूर | *m* | grape |
| अंदर | *m* | inside, within |
| कप | *m* | cup |
| ग्राम | *f* | gram |
| चायवाला | *m* | tea vender |
| तरह | *f* | type, kind |
| पत्नी | *f* | wife |
| मिट्टी | *f* | soil, clay, dust |

| | | |
|---|---|---|
| **क्रियापद** | | **Verbs** |
| फ़ेंकना | *tr* | to throw, to throw out |
| बनना | *intr* | to be made |
| रुकना | *intr* | to come to a stop, to be stopped, to stop |
| **गुणवाचक शब्द** | | **Adjectives** |
| गरम | *adj* | warm |
| ढाई | *adj* | two and a half |
| ढाई सौ | *adj* | two hundred fifty |
| सौ | *adj* | hundred |
| **क्रिया विशेषण** | | **Adverbs** |
| इतने में | *adv* | in the meantime; at the same time, meanwhile |
| इधर | *adv* | over here, this direction |
| बाद में | *adv* | later |
| **परसर्ग और महावरा** | | **Post Positions and Idioms** |
| के बाद | *pp* | after |
| पीने के बाद | *V + pp* | after drinking |
| कैसे दी | *idiom* | how much (*lit.* how given) |